# कार चालक ने आधा दर्जन वाहनों को रौंदा

## पुलिसकर्मी समेत कई घायल, आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर, 22 फरवरी. ओमती क्षेत्र अंतर्गत इनकम टैक्स चौक के पास बीती रात एक रफ्तार कार चालक ने शराब के नशे में धुत होकर पांच वाहनों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया. बल्कि दो युवकों और एक पुलिसकर्मी को भी घायल कर दिए. पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर कार को कब्जे में ले लिया है.**

पुलिस ने बताया कि राहुल प्रताप सिंह (42) निवासी स्नेहनगर मदनमहल ने पुलिस को बताया कि वह बीती रात करीब 11-55 बजे अपने दोस्तों के साथ इनकम टैक्स चौक पर पान खाने रुके थे उन्होंने अपनी कार एमपी 20 जेडपी 5560 सड़क किनारे खड़ी की थी उनके साथ ही डॉ धीरेंद्र सिंह, डॉ महेंद्र बुंदेला, साहिल चौकसे और अदनान सिद्दीकी के दोपहिया वाहन भी कतार में खड़े थे

**40 फीट दूर तक घिसटी :** तेज रफ्तार क्रमांक एमपी 53 सीए 9214 ने राहुल की कार को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि वह करीब 40 फीट दूर घिसटते हुए सिंधिया पार्क की ओर जा गिरी इसके बाद अनियंत्रित कार ने लाइन से खड़े चार अन्य दोपहिया वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया.



**कार के नीचे फंसी बाइक:** टक्कर इतनी भीषण थी कि एक मोटरसाइकिल कार के नीचे ही फंस गईं हादसे में राहगीर प्रहलाद (15) और साहिल चौकसे को गंभीर चोटें आई हैं प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इसी कार चालक ने कुछ देर पहले ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी आदित्य कौरव को भी टक्कर मारी थी, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है टक्कर के प्रभाव से एमजी हेक्टर के एयरबैग भी खुल गए थे.

### नशे में धुत था चालक

घटना के बाद मौके पर मौजूद भीड़ ने कार चालक को पकड़ा, जिसकी पहचान अनुराग सोनी (30) निवासी कुडारी उमरिया थाना बरेला के रूप में हुई प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस के अनुसार चालक शराब के नशे में इस कदर धुत था कि उसे वाहन पर कोई नियंत्रण नहीं थो

### पुलिस ने कार की जब्त

ओमती पुलिस ने राहुल प्रताप सिंह की रिपोर्ट पर आरोपी अनुराग सोनी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त एमजी हेक्टर को जब्त कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है और मामले की विवेचना जारी है.

## ...इधर, छत से गिरी किशोरी की मौत

बेलबाग थाना अंतर्गत बाई का बगीचा क्षेत्र में घर की छत से गिरने के कारण एक 15 वर्षीय किशोरी की उपचार के दौरान मौत हो गईं पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कु हंसिका वर्मा पिता हितेश वर्मा (15) निवासी बाई का बगीचा, घमापुर बीती रात लगभग 8 बजे अपने घर की छत पर थी अचानक पैर फिसलने या संतुलन बिगड़ने के कारण वह नीचे गिर गईं हादसे में हंसिका के कान और नाक में गंभीर चोटें आईं परिजनों द्वारा उसे तत्काल गंभीर अवस्था में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गयो डॉक्टरों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन उपचार के दौरान रात लगभग 11-37 बजे हंसिका ने दम तोड़ दियो रविवार सुबह अस्पताल की सूचना पर बेलबाग पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है.

## नवआरक्षक पीपीटी परीक्षा कल से

**ग्वालियर.** नवआरक्षकों की शारीरिक प्रवीणता परीक्षा (पीपीटी) सोमवार से शुरू होगी. यह परीक्षा 14वीं बटालियन एसएएफ मैदान पर आयोजित की गई है. इसमें करीब 5500 उम्मीदवार शामिल होंगे. परीक्षा प्रक्रिया 14 मार्च तक चलेगी और प्रतिदिन लगभग 400 उम्मीदवारों की परीक्षा ली जाएगी. यह भर्ती प्रक्रिया प्रदेश में नवआरक्षकों के करीब 7500 पदों के लिए आयोजित की जा रही है. लिखित परीक्षा के बाद अब शारीरिक प्रवीणता परीक्षा कराई जा रही है. परीक्षा के लिए एसएएफ के करीब 300 पुलिस जवान और अधिकारियों को तैनात किया गया है. ये जवान उम्मीदवारों की दौड़, गोला फेंक और लंबी कूद की प्रक्रिया कराएंगे. परीक्षा की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं. परीक्षा के संचालन के लिए एक कमेटी बनाई गई है, जिसके अध्यक्ष डीआईजी अमित सांघी हैं. उनकी निगरानी में पूरी प्रक्रिया आयोजित की जाएगी. अधिकारियों के अनुसार परीक्षा को पारदर्शी तरीके से कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं.



## कैलाश विजयवर्गीय के बयान पर उबाल सैलाना में कांग्रेस ने किया पुतला दहन

**नवभारत न्यूज**

**सैलाना।** प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार को लेकर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आक्रोश फूट पड़ा।रविवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं सैलाना विधानसभा के पूर्व विधायक हर्ष विजय गेहलोत के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता नगर के सदर बाजार स्थित चांदनी चौक क्षेत्र में एकत्रित हुए। प्रारंभ में यह कार्यक्रम गणेश मंदिर क्षेत्र में प्रस्तावित था, लेकिन यातायात बाधित होने की आशंका के चलते स्थल बदलकर सदर बाजार कर दिया गया। कार्यकर्ताओं ने मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। जैसे ही पुतले को आग लगाई गई, पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंच गया और दहन को रोकने का प्रयास किया, लेकिन तब तक पुतला पूरी तरह जल चुका था। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं-पुलिस के बीच तीखी झड़प की स्थिति भी बनी।

### टिप्पणी पद की गरीमा के विपरीत : गेहलोत

हर्ष विजय गेहलोत ने कहा कि मंत्री की टिप्पणी न केवल उनके पद की गरिमा के विपरीत है, बल्कि आदिवासी समाज का भी अपमान है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में इस प्रकार की बयानबाजी दोहराई गई तो कांग्रेस व्यापक जनआंदोलन करेगी।



## भाजपा महिला मोर्चा ने राहुल का पुतला फूंका

**जबलपुर. भारत मंडपम एवं इंदौर की घटना के विरोध में पुतला दहन करने रविवार को जबलपुर में भाजपा महिला मोर्चा ने उग्र प्रदर्शन किया.**

महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने रसल चौक स्थित कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया और कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया.

**विरोध-प्रदर्शन**

इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे ने कहा कि कांग्रेस द्वारा किया गया यह कृत्य देश को शर्मसार करने वाला है. उन्होंने कहा कि देश की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने वाली इस घटना के विरोध में भाजपा कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे हैं और महिला मोर्चा भी पूरी मजबूती से साथ खड़ा है. इस मौके पर रसल चौक पर भारी पुलिस बल तैनात रहा. स्थिति को देखते हुए पुलिस ने पहले से ही बैरिकेट्स लगाकर पूरे क्षेत्र को छावनी में तब्दील कर दिया था.

## जब्त की गायों को गौशाला भिजवाया

**ग्वालियर, 22 फरवरी. गाड़ी में भरकर ले जाई जा रहीं गायों को जनकगंज थाना पुलिस ने सूचना मिलने के बाद जब्त कर लियो गाड़ी में 6 गाय और 2 छोटे बच्चे शामिल हैं.**



पुलिस ने कार्रवाई दरमियानी रात करीब 3 बजे की पूछताछ में आरोपी पहले स्वयं को हिंदू बताता रहा, लेकिन सख्ती दिखाई तो उसने अपना असली नाम और पता बतायो गाड़ी को जब्त कर लिया गया है और गायों को लाल टिपारा स्थितगौशाला भिजवाया है जनकगंज पुलिस को सूचना मिली थी कि एक गाड़ी में गायों को भरकर ले जाया जा रहा है सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और पुरानी पुलिस चौकी गिरवाई पर गाड़ी को रोक लियो गाड़ी चेक की तो उसमें गायें भरी हुई थीं पुलिस ने गायों को नीचे उतारा और एक जगह बांधो पूछताछ की तो गाय ले जाने वालों ने बताया कि वह मेरठ की मंडी से खरीदकर अपने घर के लिए लाए हैं पुलिस ने कागजात मांगे तो जरूरी कागजात दिखा नहीं सके गायों की खरीद-फरोख्त के कागज नहीं मिले तो पुलिस ने गायों के साथ गाड़ी को जब्त कर लियो सुबह होते ही सबसे पहले गायों को गौशाला भिजवाने का प्रबंध किया गयो सीएसपी मनीष यादव ने बताया कि गायों से भरी जो गाड़ी पकड़ी है, उसमें मथुरा से ले जाने का परमिट है फिर भी पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रहे हैं, जिससे सच्चाई का पता लग सके गायों को बेहतर देखभाल के लिए गौशाला भिजवा दिया गया है.

## नशे में धुत महिलाओं को बच्चा चोरी के आरोप में लोगों ने पीटा

**ग्वालियर, 22 फरवरी. नशे में धुत दो महिलाओं ने सड़क पर जमकर हंगामा किया. बच्चा चोरी के आरोप में स्थानीय लोगों ने इन महिलाओं की पिटाई भी कर दी. यह घटना झांसी रोड थाना क्षेत्र के नाका चंद्रवानी इलाके में हुई.**

जानकारी के अनुसार दोनों महिलाएं शराब के नशे में सड़क पर बैठकर उपद्रव कर रही थीं. इसी दौरान कुछ स्थानीय लोगों ने उन पर बच्चा चोरी का आरोप लगाया, जिसके बाद भीड़ ने उन्हें पीटना शुरू कर दिया. यह हंगामा करीब एक घंटे तक चलता रहा. घटनास्थल पर मौजूद एक अन्य युवक ने इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो अपने मोबाइल से बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया, जो अब वायरल हो रहा है.



सूचना मिलने पर झांसी रोड थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हंगामा शांत कराया. इसके बाद दोनों महिलाओं को पुलिस हिरासत में लेकर थाने ले आई. इस मामले में झांसी रोड पुलिस का कहना है कि दो महिलाओं के नशे में हंगामा करने की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा दी गई थी, सूचना मिलने पर थाने का बल मौके पर पहुंचा था जहां हंगामा कर रही महिलाओं को पकड़कर थाने लाया गया था, महिलाओं के साथ बच्चा चोरी के आरोप में स्थानीय लोगों द्वारा मारपीट भी की गई थी. फिलहाल पुलिस दोनों महिलाओं से पूछताछ कर रही है.

## 11 वर्षीय मासूम को 7 घंटे में पुलिस ने तलाशा

**ग्वालियर, 22 फरवरी.** शाम को खेलकर देर से घर पहुंचे 11 वर्षीय बेटे को उसकी मां ने डांटकर घर से भगा दिया. मां की डांट से डरा-सहमा मासूम बालक घर से दूर निकल गया और एक रिसॉर्ट के पास जाकर छिप गया.

**मां के डांटने पर घर से भागा था**

जब काफी देर तक बच्चा घर नहीं पहुंचा तो उसकी मां सिरोल पुलिस थाने पहुंची और पूरी बात बताई. मामला चूंकि एक बच्चे के गायब होने का था, इसलिए पुलिस तुरंत सक्रिय हुई और उसकी तलाश में जुट गई. मेहरा गांव में रहने वाली सविता जाटव का 11 वर्ष का बच्चा वंश गत शाम को खेलकर देर से घर पहुंचा था. देर से घर पहुंचा तो उसकी मां ने डांटा और घर से बाहर निकाल दिया था.

### एक नजर में

### श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर के गर्भगृह में आम श्रद्धालुओं के प्रवेश पर लगी रोक हटी

**मंदसौर, 22 फरवरी.** मंदसौर के प्रसिद्ध श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर के गर्भगृह में आम श्रद्धालुओं के प्रवेश पर लगी रोक अब हटा दी गई है. यह बदलाव सोशल मीडिया पर उठी आवाज़ के बाद संभव हो सका, जिसकी शुरुआत स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता टीना विनोद मंडलोई ने की थी. हाल ही में टीना विनोद मंडलोई ने अपनी फेसबुक आईडी के माध्यम से गर्भगृह में आमजन के प्रवेश पर प्रतिबंध का मुद्दा उठाया था. उन्होंने सवाल किया था कि भगवान के दरबार में भेदभाव क्यों? उनकी इस पोस्ट को बड़ी संख्या में लोगों का समर्थन मिला और देखते ही देखते यह मुद्दा जनचर्चा का विषय बन गया. सोशल मीडिया पर बढ़ते समर्थन और जनभावना को देखते हुए मंदिर प्रबंधन ने व्यवस्था में बदलाव करते हुए गर्भगृह को सभी श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया. टीना विनोद मंडलोई ने कहा कि यह किसी एक व्यक्ति की जीत नहीं, बल्कि सामूहिक आवाज़ की ताकत है. उन्होंने स्पष्ट किया कि विशेष सुविधा केवल बुजुर्गों और असमर्थ श्रद्धालुओं को दी जानी चाहिए, जबकि अन्य सभी श्रद्धालुओं को समान अवसर मिलना चाहिए. इस निर्णय को आस्था और समानता की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है. स्थानीय लोगों का कहना है कि सोशल मीडिया के माध्यम से उठाई गई यह पहल जनहित में महत्वपूर्ण साबित हुई है. अब यह मांग भी उठ रही है कि प्रदेश के अन्य बड़े मंदिरों में भी ऐसी समान दर्शन व्यवस्था लागू की जाए.

### पिपरखड़ में नवविवाहिता समेत दो ने की आत्महत्या, गांव में फैली सनसनी

**सिंगरौली, 22 फरवरी.** मोरवा थाना क्षेत्र के पिपरखड़ गांव व चकरिया में अलग-अलग स्थानों पर नवविवाहिता सहित दो लोगों द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटनाओं से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. प्राप्त जानकारी के अनुसार पिपरखड़ निवासी 23 वर्षीय नवविवाहिता अर्चना बैस पति राजेश बैस ने 21 फरवरी की शाम करीब 5.30 बजे अपने घर के कमरे में साड़ी का फंदा बनाकर छत के कुंदे से फांसी लगा ली. परिजनों ने जब कमरे का दरवाजा खुला देखा तो महिला फंदे पर लटकी हुई थी. परिजन तत्काल उसे फंदे से उतारकर जिला अस्पताल सिंगरौली ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. बताया गया है कि नवविवाहिता की शादी वर्ष 2023 में हुई थी. मायके और ससुराल पक्ष के लोगों को सूचना दे दी गई है. फिलहाल आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है. पुलिस पारिवारिक परिस्थितियों की जांच कर रही है. वहीं दूसरी घटना 22 फरवरी की सुबह करीब 6 बजे की है. जहां पिपरखड़ क्षेत्र के चकरिया गांव में 61 वर्षीय सोनमती सिंह गोंड, पति महिप सिंह गोंड ने बिजुल नदी किनारे जामुन के पेड़ में अपनी साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. परिजनों के अनुसार महिला लंबे समय से पेट की बीमारी से पीड़ित थी और उसका इलाज चल रहा था. सुबह परिजन नदी किनारे पहुंचे तो शव पेड़ से लटका मिला. सूचना मिलने पर मोरवा निरीक्षक कपूर त्रिपाठी के मार्गदर्शन में पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों मामलों में धारा 194 बीएनएसएस के तहत मर्ग कायम कर शवों का पोस्टमार्टम कराया गया. पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट व परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी. किसी भी मामले में सुसाइड नोट नहीं मिला है. लगातार हुई इन घटनाओं से गांव में शोक और भय का माहौल है.

## डॉन बॉस्को पब्लिक स्कूल पर प्रशासन की गाज

### प्राइमरी-बोर्ड के परीक्षार्थियों को गलत प्रश्न-पत्र कर दिया था वितरित

**ग्वालियर, 22 फरवरी. मध्य प्रदेश के ग्वालियर ज़िले में डॉन बॉस्को पब्लिक स्कूल की लापरवाही की वजह से इस संस्था के 5वी व 8वी बोर्ड परीक्षा के परीक्षार्थियों को हुई असुविधा को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लिया है इस प्रकरण में डॉन बॉस्को पब्लिक स्कूल के प्राचार्य एवं बीआरसीसी जनपद शिक्षा केन्द्र मुरार शहरी क्रे-2 राकेश शर्मा को प्रभारी कलेक्टर कुमार सत्यम द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है साथ ही राज्य शिक्षा केन्द्र के संचालक को प्रतिवेदन भेजा गया है.**

प्रभारी कलेक्टर सत्यम ने कहा है कि परीक्षार्थियों के हितों की रक्षा की जाएगी

जिला परियोजना समन्वयक रविन्द्र सिंह तोमर ने जानकारी दी है कि विद्यार्थी और पालकों को निराश होने की जरूरत नहीं है` असफल होने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा परिणाम उपरांत राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा परीक्षा का द्वितीय अवसर प्रदान किया जायेगा` साथ ही आगे होने प्रश्न पत्रों में एससीईआरटी पाठ्यक्रम के प्रश्नपत्र प्रदान किये जायेंगें

जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) ने बताया कि सनराइज पब्लिक स्कूल दीनदयालनगर में डॉन बॉस्को पब्लिक स्कूल वायुनगर का परीक्षा केन्द्र बनाया गया है डॉन बॉस्को पब्लिक स्कूल द्वारा पोर्टल पर एनसीईआरटी पाठ्यक्रम का विकल्प भरा गया थो विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र व अटेडेंस शीट पर भी एनसीआरटीई का विकल्प लिखकर आया थो इस कारण परीक्षार्थियों को 20 फरवरी को एनसीईआरटी पाठ्यक्रम के प्रश्न पत्र वितरित कर दिए गऐ परीक्षार्थियों द्वारा कहा गया कि उन्होंने एससीईआरटी पद्धति से पढ़ाई की है, पर उन्हें एनसीईआरटी का पेपर क्यों दिया गया है यह लापरवाही सामने आने पर डॉन बॉस्को पब्लिक स्कूल प्रबंधन को तलब किया गयो शाला प्रबंधन ने अपनी भूल स्वीकार कर एससीईआरटी पाठ्यक्रम का पेपर देने का आग्रह कियो

डीपीसी तोमर ने बताया कि 20 फरवरी को पांचवी और आठवीं बोर्ड परीक्षा 2025 - 26 में प्रथम भाषा हिंदी और अंग्रेजी (हिन्दी और अंग्रेजी माध्यम ) का प्रश्न पत्र था` जिसके कक्षा 8 के 28156 एवं कक्षा 5 के 32773 छात्रों ने परीक्षा दी थी 5वीं और 8वी में 2890 छात्र अनुपस्थित रहें` परीक्षा केन्द्र सनराइज पब्लिक स्कूल दीनदयाल नगर ग्वालियर में डॉन बॉस्को पब्लिक स्कूल के छात्र कक्षा 5 और 8 की परीक्षा दे रहे थे.

> अब शाला प्रबंधन ने अपनी भूल स्वीकार करते हुए अपने विद्यालय को एनसीआरटी पाठ्यक्रम के स्थान पर एससीईआरटी पाठ्यक्रम में बदलने का आवेदन आज शाम परीक्षा उपरांत दिया गया` जिसके आधार पर संशोधन किया जायेगा और आगे होने प्रश्न पत्रों में एससीईआरटी पाठ्यक्रम के प्रश्नपत्र प्रदान किये जायेंगें

**अवलोकन** | उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मुकुंदपुर जू का किया निरीक्षण

## विदेशी पक्षियों से वॉक इन एवियारी गुलजार

**रीवा नवभारत**

**रीवा. 22 फरवरी. उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने रविवार को मैहर जिले के मुकुंदपुर में महाराजा मारतन्द सिंह जू देव वाइट टाइगर सफारी का निरीक्षण किया. इस दौरान उनकी उपस्थिति में जू मे लाये गए विदेशी प्रजाति के पक्षी भी उनके रह्वास में छोड़े गए.**



नॉर्दन कोलफील्ड्स लिमिटेड सिंगरोली द्वारा सी एस आर मद से मुकुंदपुर को प्रदाय किये गए नये विदेशी पक्षियों को वॉक इन एवियारी के अंदर प्राकृतिक निवास पर छोड़ा गया.वन्यजीव संरक्षण के लिए मुकुंदपुर जू के एवीयरी में अब नये प्रजाति के रंग बिरंगे पक्षी आ चुके है, जिनमें रेड स्कारलेट मैकॉ, रेड ग्रीन विंग्ड मैकॉ, सल्फर-क्रेस्टेड कॉकाटू, ब्लू गोल्ड मैकॉ, हैनस मैकॉ, अफ्रीकन ग्रे पैरोट, ग्रैंड इलेक्टस, सन कोनूर, कॉकेटियल्स, और लव बर्ड शामिल हैं. नये पक्षियों के आगमन से पर्यटक को अब और अधिक विदेशी प्रजाति के पक्षी देखने को मिलेंगे. उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने भ्रमण के दौरान पक्षियों के सरंक्षण के प्रयासो की सराहना की. इस मौके पर सी सी एफ राजेश राय, वन मंडल अधिकारी विद्या भूषण मिश्रा, मयंक चंदीवाल भी उपस्थिति रहे. इसके बाद उपमुख्यमंत्री शुक्ल ने रीवा जिले के हरिहर पुर मे की जा रही प्राकृतिक खेती का भी अवलोकन किया.

## हिस्ट्रीशीटर हर्ष कटोरा की सड़क हादसे में मौत





### 16 से ज्यादा केस, हत्या के प्रयास का था आरोपी, पेड़ से टकराई बाइक

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम। सड़क हादसे में शहर के हिस्ट्रीशीटर की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। पोस्टमार्टम उपरांत स्वजन शव को अंतिम संस्कार के लिए पैतृक गांव इंदौर के देपालपुर ले गए।**

जानकारी के अनुसार हर्ष उर्फ कटोरा पुत्र संतोष पंवार (21) निवासी पीपल चौक निवासी की मौत हो गई। हादसा धार जिले के बदनावर तहसील अंतर्गत कोद-बिड़वाल मार्ग पर हुआ। हादसा तब हुआ जब हर्ष अपनी नानी के यहां बिड़वाल में रह रहा था। शनिवार-रविवार की दरमियानी रात बाइक से कोद-बिड़वाल मार्ग से गुजर रहा था। इसी दौरान मार्ग पर एक मोड़ के पास उसकी बाइक असंतुलित होकर पेड़ से टकरा गई।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। रविवार सुबह मार्ग से गुजर रहे लोगों ने सड़क किनारे क्षतिग्रस्त बाइक देखी। समीप की झाड़ियों में हर्ष को मृत अवस्था में पड़ा देखकर पुलिस को सूचना दी।

**मृतक का रहा है आपराधिक रिकॉर्ड:** मालूम हो कि हर्ष रतलाम के थाना स्टेशन रोड क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर रहा है। उसके विरुद्ध पूर्व में हत्या के प्रयास के 2, अवैध वसूली के 4, एट्रोसिटी एक्ट का 1 तथा आम जनता से मारपीट के 9 से अधिक प्रकरण दर्ज हैं।

### हादसे में गंभीर चोंटे आई

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अस्पताल पहुंचाकर स्वजन को घटना की जानकारी दी। पुलिस के अनुसार हर्ष के जबड़े सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई थीं। प्रारंभिक जांच में दुर्घटना का कारण मोड़ पर संतुलन बिगड़ना बताया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर हादसे की जांच शुरू कर दी है।